सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र
विशेषांक

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

साधिकार प्रकाशित

Published by Authority

भाद्र 25, मंगलवार, *शाके* 1947- सितम्बर 16, 2025
Bhadra 25, Tuesday, Saka 1947- September 16, 2025

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 01, 2025

संख्या प.10(न.पा.)(गठन)(चुनाव)डीएलबी/25/13841 :-राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर टोंक द्वारा स्थानीय निकाय नगर पालिका दूनी हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।

<u>नगर पालिका दूनी का सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष-2025</u>

वार्ड सं.	वार्ड की सीमा	जनसंख्या
1	दूनी-सरोली सड़क (जयपुर कोटा बाईपास) की तरफ दूनी राजस्व सीमा से (होटल मधुवन के पास से) पूर्व दिशा में सड़क के सहारे-सहारे दूनी की तरफ चलते हुए बायी ओर के क्षेत्र को लेते हुए मुख्य सड़क पर इण्डियन पेट्रोल पम्प से पुलिस थाना से कृष्णा कॉलोनी को लेते हुए दायी मुख्य नहर को पार करते हुए अल्का गोखरू सामुदायिक भवन को लेते हुए आदित्या मोटर्स से मोरीलाल रेगर के मकान तक (राजकीय खेल मैदान को छोडते हुए) मोरी लाल रेगर के बायी ओर की समस्त कॉलोनियो को शामिल करते हुए खेल मैदान के उत्तर दिशा में अन्तिम कोने से होते हुए गुछी नाडी के सहारे-सहारे देवनारायण भगवान के मन्दिर के पास स्थित मकानो को शामिल करते हुए उत्तर दिशा में रंगलाल, शंकर जाटो के खेतो से काला नाडा बालाजी के रास्ते से बायी ओर मुडते हुए (पश्चिम दिशा में)	565

	चलते हुए दायी मुख्य नहर को पार करते हुए काला नाडा बालाजी सड़क पर चलते हुए बायी ओर स्थित आबादी/बस्ती सुगल्या की ढाणी को शामिल करते हुए 220 केवी जीएसएस तक चलते हुए 220 केवी जीएसएस के पीछे स्थित तेलोलाई की ढाणी को लेते हुए दूनी राजस्व सीमा पर स्थित काला नाडा बालाजी मन्दिर तक की सीमा तक, काला नाड़ा बालाजी (राजस्व सीमा से बाई ओर मुडते हुए दक्षिण दिशा में घुमते हुए) दूनी सरोली सड़क तक के बायी ओर की समस्त आबादी को शामिल करते हुए दूनी सरोली सड़क तक।	
2	दूनी-सरोली सड़क (बाईपास की ओर) पर राजस्व सीमा दूनी से पूर्व दिशा की ओर (दूनी शहर) चलते हुए दायी ओर के क्षेत्र को शामिल करते हुए जिसमें खाल्खा की ढाणी को शामिल करते हुए दायी मुख्य नहर तक, दायी मुख्य नहर को पार कर पूर्व दिशा की ओर कश्यप कॉलेज वन विभाग का कार्यालय, बालाजी का मन्दिर, आगनबाडी से चलते हुए चंुगी नाका तक, चुंगी नाका से चलते हुए दूनी बस स्टेण्ड नगरपालिका कार्यालय को शामिल करते हुए दायी ओर मुडते हुए वाटर बॉक्स जलदाय कार्यालय से नहर की ओर मुडते हुए पश्चिम दिशा में सीधे चलते हुए सरकारी स्कूल को शामिल करते हुए दायी मुख्य नहर की ओर चलते हुए, दायी ओर की समस्त आबादी क्षेत्र जिसमें रोज मोहल्ला (रोझो का गावडा) शामिल है। दायी मुख्य नहर को पार कर दक्षिण दिशा में नहर के सहारे-सहारे चलते हुए गोगी नाडा के रास्ते तक, गोगी नाडे रास्ते से दायी ओर घुम कर पश्चिम की ओर विजयगढ के रास्ते चले हुए राजस्व सीमा तक के दायी ओर का क्षेत्र की खाजल्या (खाल्खा) की ढाणी को लेते हुए उत्तर दिशा में राजस्व सीमा के सहारे चलते हुए सरोली दूनी सड़क तक का क्षेत्र।	641
3	विजयगढ रास्ते पर (राजस्व सीमा) से पूर्व की ओर चलते हुए दायी मुख्य नहर तक, दायी मुख्य नहर को पार कर ओम पैराडाईज की ओर चलते हुए राजस्व प्रभुलाल माली के खेतो तक, सत्यनारायण माली के मकान से पूर्व की ओर चलकर राजकीय स्कूल (दुर्गापुरा) को छोडते हुए नाथू माली के मकान तक, लालू माली से पूर्व में मुडकर विवेकानन्द स्कूल को शामिल करते हुए गांधी ग्राम सड़क तक (के दायी ओर दुर्गापुरा की ढाणी शामिल है) गांधी ग्राम सड़क से दक्षिण की ओर सड़क के सहारे-सहारे चलकर श्मशान घाट तक, श्मशान से पश्चिम दिशा की तरफ चलकर चापोलाई तलाई को शामिल करते हुए रामनारायण माली के सामने के मकान को लेते हुए पश्चिम में मुडकर सीताराम माली के सामने के मकानो को शामिल करते हुए उत्तर दिशा में सीधे चलकर शिव मन्दिर सड़क तक, विजयगढ सड़क से पश्चिम की ओर चलकर सुखदेव माली, कालु माली से हंसराज माली के मकानो को शामिल करते हुए दायी मुख्य	610

	नहर तक, दायी मुख्य नहर को पार करते बायी ओर मुडकर नहर के सहारे-सहारे चलते हुए दूनी राजस्व सीमा तक का क्षेत्र, जिसमें दुर्गापुरा की ढाणी (आंशिक भाग) चापोलाई तलाई का क्षेत्र शामिल है।	
4	गांधी ग्राम सड़क से श्मशान घाट, चापोलाई तालाब के सहारे चलते हुए बायी ओर का क्षेत्र शामिल करते हुए रामनारायण माली के मकान तक, रामनारायण माली के मकान से बायी ओर मुडकर सीताराम माली के मकान से शिव मन्दिर होते हुए विजयगढ सड़क से बायी ओर मुडकर पश्चिम दिशा में चलकर दायी मुख्य नहर तक के बायी ओर तिवारी मोहल्ला, दुर्गापुरा की ढाणी का आंशिक भाग शामिल है। दायी मुख्य नहर को पार कर बायी ओर मुडकर नहर के सहारे-सहारे सीधे चलते हुए दूनी राजस्व सीमा तक, राजस्व सीमा के सहारे बायी ओर मुडकर कल्याणपुरा की ढाणी को शामिल करते हुए गांधी ग्राम सड़क तक, राजस्व सीमा के सहारे-सहारे पूर्व दिशा में चलते हुए उत्तर दिशा में मुडते हुए हनुमानपुरा के रास्ते होते हुए राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवपुरा व देवपुरा बांध, गौशाला को शामिल करते हुए, विद्यालय से सीधे चलकर पानी की टंकी से होते हुए शिव मन्दिर गांधी ग्राम सड़क तक के बायी ओर की आबादी देवपुरा की ढाणी का आंशिक भाग। गांधी ग्राम सड़क से उत्तर की ओर चलते हुए प्रभुमाली के मकान को लेते हुए सत्यनारायण भगवान के मन्दिर को लेते हुए श्मशान घाट तक के बायी ओर का सम्पूर्ण एरिया शामिल है।	575
5	गांधी ग्राम सड़क पर स्थित वेयर हाऊस (भण्डारण गोदाम) को लेते हुए दक्षिण दिशा में (देवपुरा की ढाणी ओर) चलते हुए गीता माली के मकान से ओमप्रकाश का मकान (ग्रांधी ग्राम सड़क पर) से पूर्व की ओर चलते हुए बायी ओर की आबादी (देवपुरा की ढाणी) को लेते हुए पानी का कुआं तक, पानी की टंकी से पोखर भील के मकान तक (राजकीय प्राथमिक स्कूल तक) पोखर भील के मकान से सीधे हनुमानपुरा के रास्ते चलकर देवपुरा बांध तक, बांध से उत्तर दिशा में मुडकर नगर पालिका डम्पिंग यार्ड होते हुए कन्या महाविद्यालय तक, कन्या महाविद्यालय से पष्चिम में मुडकर सीधे वेयर हाऊस गांधी ग्राम सड़क तक के समस्त बायी ओर की बस्ती देवपुरा ढाणी आंशिक, कालबेलिया बस्ती, कालूराम जांगिड तहसीलदार के मकान शामिल है।	479
6	आवा सड़क पर (बालिका स्कूल) रूकमणी गुर्जर/इस्लाम भाई चाचा के मकान से दक्षिण में आवा सड़क पर चलते हुए दायी ओर की बस्ती को शामिल करते हुए महात्मा गांधी स्कुल, पशु चिकित्सालय से होते हुए सरस्वती स्कूल तक सरस्वती स्कुल से चलकर हकीम खां के मकान से महावीर फौजी के मकान को लेते हुए गोपाल गुर्जर के मकान तक दायी ओर स्थित काला कांकरा की ढाणी शामिल करते हुए, आवा सड़क पर	520

	चलते हुए राजस्व दूनी सीमा तक, राजस्व सीमा से पश्चिम में चलते हुए हनुमानपुरा रास्ते होते हुए देवपुरा बांध तक देवपुरा बांध से उत्तर दिशा में मुडकर सीधे चलकर कन्या महाविद्यालय को शामिल करते हुए बालिका स्कूल को लेते हुए पूर्व की तरफ मुडकर आंवा सड़क पर स्थित रूकमणी/इस्लाम चाचा के मकान तक। जिसमें महात्मा गांधी स्कूल के पास वाली काॅलोनी, काला कांकरा की ढाणी, कन्या महाविद्यालय शामिल है।	
7	आवा सड़क पर कृषि उपज मण्डी से पश्चिम की ओर चलकर विवेकानन्द स्कूल तक, विवेकानन्द स्कूल से पूर्व की ओर मुडकर गांधी ग्राम सड़क तक, गांधी ग्राम सड़क से दक्षिण की ओर सड़क के सहारे चलकर कृषि सेवा केन्द्र व राजकीय प्राथमिक स्कूल को शामिल करते हुए पूर्व की ओर मुडकर कन्य महाविद्यालय तक, कन्या महाविद्यालय से उत्तर दिशा में घुमकर सीधे चलकर बालिका स्कूल तक, बालिका स्कूल से पूर्व में घुमकर आवा सड़क तक, आंवा सड़क से उत्तर की ओर चलकर (दूनी शहर की ओर) बायी ओर की शिव काॅलोनी से राधिका आई.टी.आई. काॅलेज से देवकरण गुर्जर के मकान तक, देवकरण के मकान से पश्चिम की ओर मुडकर आवंा रोड चलते हुए मोरपाल गुर्जर के मकान से होते हुए टेलीफोन टाॅवर कंजर बस्ती को लेते हुए कृषि उपज मण्डी तक का सम्पूर्ण एरिया जिसमें गुर्जर बस्ती, कंजर बस्ती, शिव काॅलोनी शामिल है।	648
8	नगरपालिका कार्यालय के पीछे (आवा सड़क पर स्थित) पुराने जलदाय विभाग के कार्यालय से पश्चिम की ओर चलते हुए दीपक गोखरू के मकान तक, दीपक गोखरू के मकान से सीधे चलकर श्री सुदा वाटिका होते हुए दायी मुख्य नहर तक के बायी आरे की आबादी टेलिफोन काॅलोनी शामिल है। दायी मुख्य नहर से बायी ओर मुडकर नहर के सहारे-सहारे दक्षिण दिशा में चलते हुए गोगी नाडे के रास्त तक, गोगीनाडे के रास्ते से बायी ओर घुमकर पूर्व की ओर चलते हुए (गोगीनाडे के रास्ते होते हुए दूनी की ओर) नई काॅलोनी (ओम पैराडाईज के पास वाली) को शामिल करते हुए संजय माली के खेत तक, संजय माली के खेत से दायी ओर मुडकर राजकीय प्राथमिक विद्यालय दुर्गापुरा की स्कूल को लेते हुए कृषि मंडी की दिवार के सहारे-सहारे आवा रोड़ पर सब्जी मंडी तक, आवा रोड पर महेश गुर्जर का खाली प्लाट को लेते हुए पानी की टंकी वाली गली में चलते हुए वाटर बाॅक्स तक, वाटर बाॅक्स से बायी ओर घुमते हुए मदनलाल सोनी के मकान होते हुए गौतम भवन को शामिल करते हुए सुलभ शौचालय तक, सुलभ शौचालय से बायी ओर मुडकर सदर बाजार वाली सड़क पर पश्चिम की ओर (आवा रोड़) चलते हुए गणेश झंवर का मकान आवा रोड़ पर पुराना वाटर वक्र्स कार्यालय	648

	तक का एरिया।	
9	आवा सड़क पर स्थित गंगाधर खटीक के मकान से उत्तर दिशा में पानी की टंकी वाली गली में सीधे चलते हुए दायी ओर की आबादी को लेते हुए वाटर वक्स तक, वाटर वक्स से सीधे चलते हुए रामस्वरूप कलाल के मकान तक, रामस्वरूप कलाल के मकान से दायी ओर चलकर रामपाल तेली के मकान होते हुए कारत्यानी सिस्टर के मकान होते हुए आवा रोड़ पर लालाराम धोबी के मकान तक, आवंा रोड़ लाला राम धोबी के मकान से दायी ओर मुडकर पश्चिम की ओर आवा रोड़ पर चलते हुए इकराम के मकान को लेते हुए गंगाधर खटीक के मकान के दायी ओर की हरीजन बस्ती, खटीक मोहल्ले के एरिया तक।	623
10	दुनी बस स्टेण्ड पर जोधपुर मिष्ठान भण्डार से पूर्व की ओर चलते हुए दायी ओर के मकानो को शामिल करते हुए सोभाग प्रजापत के मकान से चन्द्रप्रकाश जी के मकान से होते हुए नरेन्द्र मेहरा के मकान तक, नरेन्द्र मेहरा के मकान से उत्तर दिशा में मुडकर सीधे चलकर दायी दायी ओर घुमकर हरीराम कीर के मकान तक, हरीराम कीर के मकान से चलते हुए प्रहलाद कीर के मकान को लेते हुए दायी ओर मुडकर टोडा दरवाजा तक, टोडा दरवाजा से दायी ओर मुडकर गोपाल साहू के मकान से होते हुए संजय साहू के मकान को लेते हुए मोतीलाल मेहरा के मकान होते हुए लोकेश के मकान को लेते हुए, लोकेश के मकान से दायी ओर मुडकर पश्चिम की ओर चलकर वाटर वक्रस तक, वाटर वक्रस से चलकर सामने की तरफ मदनलाल सोनी के मकान से होते हुए गौतम भवन होते हुए सुलभ शौचालय से बायी ओर मुडकर सदर बाजार सड़क के पश्चिम दिशा में चलते हुए बालाजी के मन्दिर को लेते हुए आवा रोड़ पर जोधपुर मिष्ठान भण्डार तक का एरिया।	648
11	दुनी बस स्टेण्ड पर बाबूलाल राजोरा के मकान के दायी ओर की आबादी को लेते हुए घाड पर पूर्व की ओर (घाड की तरफ) चलते हुए महावीर सैन के मकान से चेतन जी के मकान होते हुए रामलक्ष्मण गुप्ता के मकान से गोविन्द व्यास के मकान तक के दायी ओर की बस्ती को शामिल करते हुए, गोविन्द व्यास के मकान से दायी ओर मुडते दक्षिण दिशा की ओर चलते हुए बालकिशन के मकान तक, बालकिशन के मकान से चलते हुए प्रहलाद कीर के मकान से दायी ओर मुडते हुए प्रकाश मेहरा के मकान को लेते हुए ओम जी के मकान से होते हुए नरेन्द्र मेहरा के सामने के मकानो को शामिल करते हुए किसान कार्यालय को लेते हुए शिवराज धोबी के मकान को लेते हुए पश्चिम में चलते हुए आवा रोड़ पर बाबू लाल राजोरा के मकान तक का एरिया।	510
12	घाड रोड पर स्थित बालकिशन के मकान से दक्षिण दिशा में चलकर चन्द्र प्रकाश शर्मा के सामने के मकान तक, चन्द्रप्रकाश शर्मा के सामने वाले	577

	मकान से बायी ओर मुडकर गणेश जोशी के मकान तक के सम्पूर्ण बायी ओर की स्थित आबादी शामिल है। गणेश जोशी के मकान से अशोक ब्रज के मकान को लेते हुए पार्षद महोदय देवकीनन्दन शर्मा के मकान तक, देवकीनन्दन शर्मा के मकान से उत्तर दिशा की ओर मुडकर रणछोडदास महाराज की तरफ चलते हुए गली के दोनो ओर मकानो को शामिल करते रणछोडदास महाराज मनिदर के पास स्थित विनोद शर्मा के मकान तक, विनोद शर्मा के मकान से दायी ओर मुडकर पूर्व दिशा चलकर रामदेव मन्दिर होते हुए नोबल पब्लिक स्कूल तक, नोबल पब्लिक स्कूल से उत्तर मुडकर घाड रोड पर, घाड रोड से बायी ओर (पश्चिम में) मुडकर बस स्टेण्ड की ओर चलकर बाल किशन जी के मकान तक का एरिया।	
13	टोडा दरवाजा से दक्षिण की ओर चलकर नरेन्द्र जी के मकान तक, नरेन्द्र जी के मकान से पूर्व में (बायी ओर) चलकर लल्लू प्रकाश नामा के मकान तक, लल्लू प्रकाश नामा से बायी ओर मुडकर उत्तर दिशा चलकर गणेश जी का चबुतरा तक, रामद्वारे की दुकानो तक पूर्व दिशा में चलकर, जैन मन्दिर को लेते हुए नव विद्या मन्दिर स्कूल तक, नव विद्या मन्दिर स्कुल से बायी ओर मुडकर उत्तर की ओर चलकर जमनालाल धोबी के मकान होते हुए आदर्श विद्या मन्दिर को शामिल करते हुए देवकीनन्दन शर्मा के मकान के पीछे तक का एरिया। देवकी नन्दन शर्मा के मकान से पश्चिम की ओर मुडकर सत्यनारायण साहु के मकान तक सत्यनारायण साहु के मकान होते हुए चन्द्रप्रकाश शर्मा के मकान से बायी ओर मुडकर प्रहलाद कीर के मकान के पीछे की तरफ के मकान को शामिल करते हुए टोडादरवाजा तक का एरिया।	647
14	आवा रोड पर कस्तुरचन्द खटीक के मकान से उत्तर की ओर मुडकर सीधे चलकर जमना लाल के मकान तक के दायी ओर की आबादी का क्षेत्र, जमना लाल के मकान से सीधे चलकर कजोड खटीक के मकान को लेते हुए, उत्तर की ओर चलकर छोटू धोबी के मकान को लेते हुए बद्री खटीक के मकान से घास भेरू मन्दिर से दायी ओर मुडकर पूर्व दिशा की ओर चलकर सार्वजनिक खटिक धर्मशाला को लेते हुए घाड दरवाजा रोड तक के दायी ओर की आबादी शामिल है। घाड दरवाजा रोड से दक्षिण की ओर चलकर रमेश जी मुन्दडा के मकान को लेते हुए सत्यनारायण सोनी के मकान तक, सत्यनारायण सोनी के मकान से पूर्व की ओर चलते हुए लल्लु प्रकाश नामा के मकान तक, लल्लू प्रकाश नामा के मकान के सामने वाले भूखण्डो को लेते हुए दक्षिण दिशा में मुडकर सीधे चलते हुए संजय तिवारी के मकान तक, संजय तिवारी के मकान से पूर्व की ओर मुडकर संजय नायक के मकान को लेते हुए सत्यनारायण के मकान होते हुए मस्जिद को लेते हुए (आवा दरवाजा) रोड होते हुए बालाजी के मन्दिर तक के दायी ओर की आबादी, आवा रोड बालाजी के मन्दिर से पश्चिम	529

	दिशा की ओर मुडकर बावडी को लेते हुए आवा सड़क पर बस स्टेण्ड की ओर चलते हुए चेतन आर्टस, कमलेश गुर्जर के मकानो को लेते हुए कस्तुर चन्द खटीक के मकान तक के दायी ओर की आबादी एरिया शामिल है।	
15	गणेश जी का चुबतरा पर हेमचन्द सोनी का खाली भूखण्ड से पूर्व की ओर चलते हुए चारभुजा मन्दिर को लेते हुए राजकीय प्राथमिक स्कूल होते हुए योगेन्द्र पाराशर के मकान तक के दायी ओर की आबादी क्षेत्र योगेन्द्र पाराशर के मकान से सीधे चलकर घनश्याम माली के मकान को लेते हुए पदम अजमेरा के मकान तक, पदम अजमेरा के मकान को लेते हुए हंसराज के मकान तक, हंसराज के मकान से खाई का नाला रास्ते-रास्ते चलकर राकेश नामा के मकान तक, राकेश नामा के मकान से दायी ओर मुडकर उत्तर दिषा में चलकर जगदीश जी मैनेजर के मकान से होते हुए इकराम के मकान तक, इकराम के मकान से पूर्व की ओर मुडकर चैथ का मन्दिर होते हुए नटवर जी झंवर के मकान तक, नटवर झंवर के मकान से दायी ओर मुडकर पूर्व दिशा में चलकर लल्लू प्रकाश नामा के मकान लेते हुए हेमचन्द सोनी के खाली प्लाट तक के दायी ओर की आबादी क्षेत्र शामिल है।	530
16	दादू द्वारा दुर्गामाता मन्दिर से उत्तर की ओर चलकर (झेला वाला रास्ता) बायी ओर राजपुत धर्मशाला तक, राजपूत धर्मशाला से चलकर गोपाल जी मास्टर बराला का बाडा से बाई तरफ पश्चिम की ओर घुमकर आयी ओर बालाजी मन्दिर को लेते हुए मोती शंकर के मकान तक, मोती शंकर के मकान से हीरालाल जाट के मकान से बायी ओर, तेजाजी महाराज व चारभुजा मन्दिर के क्षेत्र को शामिल करते हुए रणछोडदास महाराज के पास, पार्षद देवकीनन्दन की गली से दक्षिण की ओर मुडकर देवकीनन्दन के मकान तक, देवकीनन्दन के मकान के दायी ओर मुडकर आदर्श विद्या मन्दिर के पीछे से होते हुए राजेश पारीक के मकान तक, राजेश पारीक के मकान से चलकर गणेश साहू के मकान से चलकर पूर्व दिशा की ओर चलकर घनश्याम माली के मकान होते हुए पदम जी अजमेरा के सामने वाले भूखण्डो को शामिल करते हुए खाई का रास्ते रास्ते पूर्व दिशा की ओर चलते हुए भवंरलाल व तेजमल नाई के मकान होते हुए दादु द्वारा तक के बाई ओर का एरिया।	513
17	घाड रोड पर लाभचन्द खटीक के मकान से दक्षिण दिशा की ओर मुडकर चलकर सीताराम बराला के मकान को शामिल करते हुए पश्चिम दिशा में दायी ओर मुडकर सीधे चलकर झेला वाला रास्ते पर भवंर सिंह के बाडे को शामिल करते हुए बायी ओर मुडकर गोपाल जी मास्टर बराला के बाडे को लेते हुए दायी ओर मुडकर पश्चिम दिशा में चलकर गणेश शर्मा के मकान को लेते हुए चन्द्रप्रकाश शर्मा के मकान होते हुए चारभुजा मन्दिर के पीछे मकानो को लेते हुए रणछोडदास महाराज, पार्षद देवकीनन्दन की	510

	गली होते हुए लेखराज जाट के मकान को लेते हुए दायी ओर मुडकर सीधे चलकर राजेश जी मेवाडा का मकान को लेते हुए उतर दिशा में बायी ओर मुडकर घाड रोड पर पूर्व की ओर चलकर राजेश चैधरी के मकान को लेते हुए मूलचन्द माली का मकान होते हुए लाभचन्द खटीक के दायी ओर आबादी का ऐरिया शामिल है।	
18	घाड रोड़ पर स्थित मोहनलाल रेगर के मकान से पूर्व दिशा की ओर घाड रोड पर चलते हुए सोहन सुखा लाल रेगर के मकान को शामिल करते हुए दुर्गालाल, गोपाल बैरवा के मकानो के दायी ओर की आबादी को लेते हुए नरेश बैरवा के मकान/बाडा होते हुए पूर्व दिशा की ओर तेजाजी मन्दिर के सामने से चलते हुए सीताराम बराला के फार्म हाऊस होते हुए घाड रोड़ तक, घाड रोड से दायी ओर घुमकर श्मशान घाट के सहारे पश्चिम दिशा में तालाब की पाल-पाल चलते हुए दादू द्वारा (दुर्गामाता मन्दिर)तक, दादू द्वारा से दायी ओर मुडकर उत्तर दिशा में झेलावाला रास्ते में चलते हुए गढवालो के खेत (भंवर सिंह के बाडा) से दायी ओर पूर्व दिशा में चलते हुए सीताराम बराला के मकान से होते हुए बायी ओर उत्तर दिशा में चलते हुए घाड रोड पर मोहनलाल रेगर के मकान के दायी ओर की आबादी शामिल है।	523
19	दादू द्वारा दुर्गामाता मन्दिर से पश्चिम की ओर चलते हुए खाई का रास्ता होते हुए बायी ओर दूनी फोर्ट को शामिल करते हुए राकेश नामा के मकान के सामने मस्जिद तक, मस्जिद से पश्चिम की ओर चलते हुए भवानी शंकर के मकान को लेते हुए बायी ओर मुडकर दक्षिण दिशा ओर चलते हुए भवानी छिपा के मकान होते हुए आवा रोड पर बनवारी लाल खाती के मकान से सीधे आवा रोड़ पर चलते हुए पूर्व सरंपच रामकिशन जी के मकान को लेते हुए आवा रोड पर चलते हुए श्रीयांस गोखरा का मकान (कालाकांकरा) के मकान को लेते हुए बालाजी मन्दिर से होते हुए श्री कल्याण काॅलोनी होते हुए आवा रोड पर राजस्व सीमा दूनी तक, राजस्व सीमा से दूनी बायी ओर पूर्व दिशा की ओर राजस्व सीमा-सीमा चलकर घाड रोड तक, घाड रोड से उत्तर की ओर बायी ओर मुडकर सीधे चलकर राजेश राम किशन माली के मकान होते हुए कानाराम फौजी के मकान होते हुए किशनलाल के मकान को लेते हुए घाड रोड पर स्थित श्मशान घाट तक के बाई ओर का क्षेत्र।	479
20	दूनी बस स्टेण्ड के पास खेल मैदान के कोने से पूर्व दिशा की ओर चलते हुए दूनी बस स्टेण्ड पर सरकारी अस्पताल को लेते हुए बाबू लाल बाजार के बायी ओर के क्षेत्र को लेते हुए घाड रोड पर चलकर माधो कीर के मकान होते हुए कालु कीर के मकान से चलकर पृथ्वीराज मीणा के मकान को लेते हुए हंसराज नेता के मकान से सार्वजनिक विश्राम गृह को शामिल करते हुए घाड रोड़ पर शंकर पोखर के मकान तक, शंकर पोखर के मकान	523

	से पूर्व में चलकर रामदेव जी मन्दिर को लेते हुए तेजाजी महाराज के मन्दिर तक, तेजाजी महाराज के मन्दिर से मुकेश के मकान को लेते हुए कोमल धाकड़ के मकान को लेते हुए दक्षिण दिशा में मुडकर घाड रोड पर चलकर हेमलाल के मकान के बायी ओर की बस्ती को लेते हुए मोतीलाल, कंकाली माता मन्दिर, प्रभु गोपाल के मकान होते हुए घाड रोड दूनी राजस्व सीमा तक, राजस्व सीमा से पूर्व की ओर मुडते हुए राजस्व सीमा-सीमा के बायी ओर के एरिया को शामिल करते हुए चान्दसिंहपुरा को जाने वाली सड़क तक, चान्दसिंहपुरा सड़क के उत्तर में राजस्व सीमा को लेते हुए नया गांव को जाने वाली सड़क होते हुए दायी मुख्य नहर तक, दायी मुख्य नहर से पश्चिम की ओर चलते हुए काला नाडा बालाजी वाली सड़क से दायी ओर मुडकर पूर्व की और चलकर दायी मुख्य नहर होते हुए गुछी नाडी तक, गुछी नाडी से चलकर दुनी सरोली रोड़ पर खेल मैदान तक, खेल मैदान तक के बायी ओर का एरिया शामिल है।	

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।